## संक्षिप्त

### पालिका में पट्टा अभियान चलाया

**गोविन्दगढ़, (निसं)।** राजस्थान सरकार की ओर से 15 जुलाई से चलाये जा रहे पट्टे अभियान के अंतर्गत गोविन्दगढ़ की नवसृजित नगरपालिका में तहसील के पीछे वाली गली में वार्डों में पट्टे वितरण का अभियान चलाया गया। जिसमें तहसीलदार विनोद कुमार मीणा ने पट्टे वितरण कार्यक्रम में भाग लिया तथा पट्टे बनवाने आने वाले लोगों को इस सरकारी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। चेयरमैन पति अजय मेठी ने बताया कि अभियान की शुरुआत की गई है व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा जमीनों के पट्टे बनाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। नियमानुसार पट्टे बनाकर वार्डो में अभियान चलाकर पट्टे वितरण करवाये जाएंगे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**फागी, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के रेनवाल माजी थाना अंतर्गत ग्राम डिडावता में चोर रात को घर के बाहर खड़ी एक बाइक को चुरा ले गए। जिसकी रिपोर्ट रेनवाल माजी थाना में दर्ज करवाई गई है। रिपोर्ट कर्ता रामस्वरूप शेखावत ने बताया कि मेरे मामाजी का लड़का घर पर 12 जुलाई को शाम को मिलने के लिए आया था जिसकी बाइक मकान के बाहर खडी की थी जो रात को चोरों ने चुरा ली। रेनवाल माजी थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक चोरी हो जाने का मुकदमा धारा 379 में दर्ज कर तफ्तीश माधोराजपुरा चौकी प्रभारी राजवीर सिंह को दे दी गई है जिसकी जांच जारी है। चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि संदिग्ध लोगों से बाइक चोरी की पूछताछ की जा रही है।

### निवाई में आज व्यापार बंद रहेगा

**निवाई, (निसं)।** केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने के विरोध में शनिवार को व्यापार बंद रखा जायेगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा ने बताया कि भारतीय व्यापार उद्योग एवं राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के आव्हान पर गेहूं, चावल, दाल, सूजी मैदा सहित अन्य खाद्य पदार्थों पर केन्द्र सरकार ने 5 प्रतिशत जीएसटी लागू की है। जिसके विरोध में शनिवार को सांकेतिक व्यापार बंद रहेगा।

### पूर्व सैनिकों की गार्ड भर्ती

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** राजस्थान सरकार जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जिला अलवर के द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बहरोड़ के कार्य क्षेत्र में क्षेत्रीय पूर्व सैनिकों के लिए भारतीय स्टेट बैंक में गार्ड के पद पर भर्ती हेतु सूची भिजवाए जाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें हवलदार व उसके नीचे की रैंक के इच्छुक पूर्व सैनिक 20 जुलाई 2022 तक कार्यालय में आकर योग्यता की जानकारी प्राप्त करने की विज्ञिप्त जारी की गई है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर शिवराम वर्मा बहरोड़ जिला अलवर ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक में गार्ड के लिए सूची भेजी जाएगी ।

### आकाशीय बिजली से महिला की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के बावड़ी पंचायत के बालापुरा गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से खेत पर कृषि कार्य कर रही महिला की मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर को बालापुरा निवासी सहोदरा पत्नी रामराय धाकड़ अपने खेत पर कृषि कार्य कर रही थी। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। अचेतावस्था में महिला को टोडारायसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित किया।

### लालजी देसाई जन्मदिन पर गौसेवा की

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई का शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया और गांधी गौशाला में जाकर गायों का चारा खिलाया। जिला संगठन महासचिव सुभाष कुमार मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई के जन्मदिन पर सेवादल जिलाध्यक्ष अ. खालिक खान के नेतृत्व में जिला संगठन महासचिव सुभाष कुमार मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मो. अनवर खान, जिला कोडिनेंटर सुरेन्द्र रैगर, जिला सचिव सत्यनारायण रैगर, शहर उपाध्यक्ष सलीम दुरानी, जिल सचिव उमर अली, शौकत अली सहित कार्यकर्ताओं ने गांधी गौशाला में जाकर गौ सेवा की।

# ग्राम पंचायत के बैंक खाते से बैक डेट में राशि निकालकर हो रहा तालाब का निर्माण

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** ग्राम पंचायत नीमराणा के बैंक खाते से बैंक डेट में राशि निकालकर बाबा शिव स्वरूप मंदिर के सामने तालाब निर्माण कार्य किया जा रहा है। पंचायत समिति नीमराणा के विकास अधिकारी निर्मल को ग्रामीणों द्वारा लिखित में तालाब निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद भी तालाब पर निर्माण कार्य चल रहा है।

वर्तमान सरपंच माया गुप्ता तथा पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल के बीच नीमराना के बाबा शिव स्वरूप मंदिर के सामने तालाब पर हो रहे निर्माण कार्य

■ ग्रामीणों ने तालाब निर्माण में अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

के चलते खींचतान की स्थिति चल रही है। जिसमें पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणों के द्वारा निर्मल विकास अधिकारी नीमराणा को 14 जुलाई को लिखित में अवगत कराने के बाद भी तालाब पर ग्राम पंचायत के नाम से अवैध तरीके से भ्रष्टाचार करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है।

नीमराणा के पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल ने आरोप लगाया है कि 16 जून 2022 के बाद भी जिला परिषद अलवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पत्र क्रमांक 4074-86 के आदेश जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायत के खाते से नीमराणा के नगर पालिका क्षेत्र घोषित होने के चलते चेकों के माध्यम से रकम निकालकर सरपंच तथा सेक्रेटरी की मिलीभगत के चलते आज भी निर्माण कार्य जारी है। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि तथा उसके पक्षधर लोगों का कहना है कि तालाब का निर्माण कार्य क्षेत्रीय लोगों से भामाशाह के रूप में सामान उपलब्ध करा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।



ग्राम पंचायत नीमराणा के बैंक खाते से बैक डेट में राशि निकालकर बाबा शिव स्वरूप मंदिर के सामने तालाब निर्माण कार्य किया जा रहा है।

नीमराना में दोनों पक्षों की खींचतान के चलते मौके पर उपस्थित मजदूरों का कहना है कि ग्राम पंचायत के खाते से लंबे समय से निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें उन्होंने ठेकेदार के मामले में कोई जानकारी नहीं दी तथा मौका छोड़कर तितर-बितर होकर सरपंच माया देवी के पक्षधर चतुर सिंह चौहान को मौके पर भेजा। जिसने बताया कि यह निर्माण कार्य भामाशाहों के सहयोग से किया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत के कोटे से जारी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार करके निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी जानकारी वर्तमान विकास अधिकारी द्वारा बताई गई। जिसमें बर्तमान सेक्रेटरी उमेश की मिलीभगत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। परंतु निर्माण में भ्रष्टाचार करते हुए ग्राम पंचायत नीमराणा के खाते से रुपए निकालकर सरकारी धन होने के बाद भी भामाशाह के नाम पर लूट मचाई हुई है।

पंचायत समिति नीमराणा के विकास अधिकारी निर्मल को मौके पर चल रहे निर्माण कार्य की सूचना देने पर जानकारी देने से बचते हुए व्यस्त होने का बहाना बनाकर फोन काट दिया गया। जो सरकार के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही तथा भ्रष्टाचारपूर्वक हो रहे निर्माण कार्य में संलिप्तता जाहिर कर रही है।

### उपखंड अधिकारी के निरीक्षण से हड़कंप

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा शुक्रवार को अचानक औचक निरीक्षण के लिए उप जिला चिकित्सालय एवं भीमराव अंबेडकर छात्रावास में पहुंचे जिससे वहां पर मौजूद स्टाप में हड़कंप मच गया।

जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी रिणवा ने दवा वितरण केन्द्र, लैब, इमरजेंसी वार्ड सहित लेबर रूम, पीने के पानी, आर्युवेदिक व यूनानी विभाग की व्यवस्था भी देखी और जो कमियां नजर आई उन्हें लेकर चिकित्सा प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अधिक से अधिक बूस्टर डोज लगाने हेतु लोगो को प्रेरित करने को निर्देशित किया। इस दौरान ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौम्य पंडित, चिकत्सा प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीना सहित अन्य स्टाप मौजूद था।

वही उपखंड अधिकारी ने अंबेडकर छात्रावास का भी निरीक्षण किया यहां असुविधा मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। भविष्य में इस तरह की असुविधा नहीं मिलने के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी को पाबंद किया। शुक्रवार को उपखंड अधिकारी के औचक निरीक्षण से नगरपालिका, पंचायत समिति, तहसील, महिला बाल विकास, ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के साथ बिजली, नल विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप देखा गया और ड्यूटी के प्रति दौड़ धूप करते नजर आए।

### 150 पट्टे वितरित किए

**निवाई, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तीसरे चरण की शुक्रवार को एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा ने शुरूआत की। शिविर का आयोजन जमात स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। इस दौरान शिविर में कृषि भूमि 69ए, औद्योगिक तथा कॉमर्शियल सहित अन्य 150 पट्टे वितरित किए गए। एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत की है।

पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि अभियान शहरवासी शिविर में पहुंचकर अपने मकानों सहित अन्य प्रकार के पट्टे प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि नगरपालिका ने घर-घर सर्वे के लिए 8 टीमों का गठन किया है जो घर-घर पहुंचकर जानकारी ले रही है। शहरवासी टीम का सहयोग करते हुए सही एवं पूरी जानकारी दें जिससे पटटा बनाने में सरलता रहे। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि शुक्रवार को वार्ड नंबर 1 से 4 एवं वार्ड 35 का शिविर आयोजित किया गया।

# पशुधन सहायक भर्ती में धांधली का आरोप लगाया

**पावटा, (निसं)।** सोमवार 6 जून को राज्य में आयोजित हुई पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा में धांधली के बाद जारी हुए नतीजे अप्रत्याशित होने से राज्यभर में इस भर्ती का विरोध होने लगा है।

जिसे लेकर उपखंड पावटा में भी इस भर्ती के विरोध स्वरूप पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रह्लाद माठ के नेतृत्व में बेरोजगार युवकों ने उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह के नाम तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। परीक्षा का दोबारा आयोजन कर प्रतिभाओं के साथ न्याय कराने की मांग की है। बेरोजगार युवकों ने ज्ञापन सौंप पावटा उपखंड कार्यालय के बाहर नारे बाजी व विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि सोमवार 6 जून को हुई पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा के दरयान जयपुर के विद्याधर पुलिस थाना अन्तर्गत एक



जांच कराकर परीक्षा दुबारा आयोजित कराने की मांग को लेकर तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर ( बीच में ) को ज्ञापन दिया।

केन्द्र से डमी अभ्यर्थी को पकड़ा गया था। इसी दिन नागौर से तीन दलालों को पेपर आउट करते गिरफ्तार किया गया था। परीक्षा में धांधली का पर्दाफाश होने के बावजूद सरकार ने कोई एक्शन नही लिया। अब नतीजों के घोषणा के बाद अप्रत्याशित मेरिट ने सभी को हैरान कर दिया। सरकार ने जल्दबाजी में मेरिट बनाकर उसको अंतिम रूप देकर कार्यभार नियुक्त कराने जा रही है, जो कि गलत है। ऐसे में कहा कि सरकार को बेरोजगार युवाओं की ओर देखकर जांच करानी चाहिए ताकि प्रतिभावान युवाओं के साथ इंसाफ होगा। वही बेरोजगार युवाओं ने कहा यदि 18 जुलाई से पहले यदि कोई निर्णय लिया जाता है तो ठीक है अन्यथा सरकार नहीं सुनती तो उग्र आंदोलन होगा।

### वीर शासन जयन्ती मनाई

**चाकसू, (निसं)।** दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों ने वीर शासन जयन्ती पर्व मनाया इस मौके पर चातुर्मास स्थलों एवं मंदिरों में भगवान महावीर के उपदेशों पर जैन संतों के विशेष प्रवचन हुए।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार वीर शासन जयन्ती पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न जैन मंदिरों में संगोष्ठियां हुई साधु संतों द्वारा भगवान महावीर के उपदेशों पर विशेष प्रवचन दिया गया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में वीर शासन जयन्ती समारोह मनाया गया। मंगलाचरण के बाद चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन किया गया। माताजी ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, जीओ और जीने दो के सिद्धांतों को वर्तमान युग में विश्व शांति के लिए अनुकरणीय बताया। इस मौके पर भगवान महावीर स्वामी की साजो के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई।

## छात्र-छात्राओं को सुरक्षति स्पर्श के संबंध में जानकारी दी जायेगी

**दौसा, (निसं)।** जिले में मिशन आर्या के तहत समझ स्पर्शरी कैंपेनिंग में गुड टच, बैड टच की समझ विकसित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके तहत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में एक साथ कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं को सुरक्षति स्पर्श के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विद्यालयों के लिए 26 सौ शिक्षकों को जयपुर, अजमेर, दौसा के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा इस अभियान के लिए सभी विभागों के अधिकारी और कार्मिकों की बैठक ली गई। जिसमें सभी को निर्देश दिये कि प्रत्येक बच्चे के सुरक्षित बचपन के लिए उसे अच्छे और बुरे स्पर्श की समझ के साथ बाल अधिकार एवं कानूनों की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को

■ आज जिले के सभी स्कूलों में प्रशिक्षण दिया जायेगा

निर्देशित किया है कि कोई भी बालक-बालिका 16 तारीख को अनुपस्थित ना रहे और प्रशिक्षण में आवश्यक रुप से भाग लेंवे। इसके लिए अभिभावकों से आव्हान किया गया है कि वे बच्चों को 16 जुलाई को विद्यालय भेजे। जिला शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि समझ स्पर्शरी अभियान के साथ बाल अधिकारों एवं पोक्सो एक्ट तथा माहावरी स्वच्छता संबंधी जानकारी भी लगभग 3 लाख 50 हजार छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी। इस अभियान की मॉनटिरिंग स्वयं जिला कलेक्टर कर रहे हैं और इसके इसके लिए 150 से अधिक अधिकारियों को पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया हैं।

## लूट का मामला दर्ज

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाने में बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे एक व्यक्ति से नकदी, बाइक और मोबाइल लूटने का मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि शिवराज उर्फ मुकेश शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा निवासी गिरधारीपुरा ने मामला दर्ज करवाया है कि गुरुवार की शाम वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। दशहरा मैदान के पास मोबाइल पर कॉल आई तो बाइक रोककर मोबाइल पर बात करने लगा। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर 4 लोग आए और उसको लाठियों से मारना शुरू कर दिया। पीड़ित जान बचाकर एक दुकान में जा घुसा तो हमलावर दुकान में घुसकर मारपीट करने लगे। हमलावरों से बचकर बाहर की ओर भागा तो आरोपी बाहर निकल आए और जेब में रखे 75 हजार रुपये, मोबाइल तथा बाइक को लूटकर फरार हो गए।

## फायरिंग की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कांसली में विगत बुधवार दोपहर करीब 2 बजे कोल्ड ड्रिंक पी रहे तीन दोस्तों पर हुई कथित फायरिंग के मामले में सरूण्ड थाना पुलिस ने फायरिंग की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को गुमराह करने वाले दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में प्रयुक्त देशी कट्टा, खाली कारतूस व अन्य हथियार बरामद किये है।

जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने बताया कि विगत बुधवार दोपहर ढाई बजे कोटपूतली थाने पर बीडीएम अस्पताल से सूचना मिली कि ग्राम कांसली में फायरिंग होने के चलते दो लड़के घायल होकर भर्ती हुए हैं। घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए नाकाबंदी करवाते हुए एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी डॉ. संध्या यादव, एसएचओ सवाई सिंह व सरूण्ड

■ तीन दोस्तों पर फायरिंग की वारदात का मामला

एसएचओ इन्द्राज सिंह ने बीडीएम अस्पताल व घटनाक्रम की जानकारी ली। इस सम्बंध में सरूण्ड थाना पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम कांसली में दबिश देकर मुख्य आरोपी गोलू उर्फ शक्ति उर्फ कुनाण पुत्र गिरिराज लखेरा निवासी वार्ड नं. 04, कांसली को पकड कर सख्ती से पुछताछ की तो उसने वारदात कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा व खाली कारतुस भी आरोपी गोलू की इतरा पर बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर ग्राम किरतपुरा मोड़ पर आरोपी नरेन्द्र यादव पकडते हुए आरोपी के पास से देशी कट्टा बरामद किये।

# महिला ने ई.आर.सी.पी. परियोजना लागू कराने की मांग को लेकर पैदल यात्रा का उठाया बीड़ा

**मंडावरी, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान में ईस्टर्न कैनाल परियोजना (ईआरसीपी) को जल्द लागू कराने एवं राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर समाजसेवी महिला राजेश्वरी मीणा द्वारा गांव से जयपुर तक पैदल यात्रा कर लोगों को जागरूक करने का अनूठा फैसला लिया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

महिला समाज सेवी की पैदल यात्रा मुख्यमंत्री कार्यालय जाकर समाप्त होगी जहां उनके द्वारा ईआरसीपी को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। ईआरसीपी पानी का मुद्दा अब जन-जन तक पहुंच गया है इसको लेकर जगह-जगह महापंचायतों का आयोजन किया जा रहा है तो कहीं गांव-गांव, ढानी-ढानी जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वी राजस्थान के लोगों को जागरूक करने के लिये सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वरी मीना खुर्रा सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। गांव- गांव, ढानी-



ई.आर.सी.पी. परियोजना को लेकर जयपुर पदयात्रा में लोगों को शामिल करने के लिए समाजसेवी महिला राजेश्वरी मीणा ने ( बीच में ) जनसंपर्क किया।

ढानी घूमकर लोगों को ईआरसीपी के लिये जागरूक कर रही हैं और पंचायतों के माध्यम से लोगों को ईआरसीपी के लिये जागरूक कर रही है। इसी को लेकर रविवार से एक अनोखी पैदल यात्रा की शुरुआत बीजासनी माता खुर्रा के प्रांगण

■ मुख्यमंत्री को दिया जाएगा ज्ञापन, अनूठा फैसला बना चर्चा का विषय

से शुरू होगी जो मंडावरी, लालसोट, नांगल राजावतान, दौसा होती हुई मुख्यमंत्री आवास जयपुर में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद समाप्त होगी। इस यात्रा की ख़ास बात यह होगी की ये यात्रा किसी पार्टी के झंडे के नीचे ना होकर ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के झंडे के तले होगी और इस यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले गांव के सरपंच, प्रधान, विधायक, सांसद चाहे किसी भी पार्टी का हो उन्हें पूर्वी राजस्थान के छूटे हुए बांधों को जोड़कर प्रत्येक परिवार को पीने का पानी ओर हर खेत को सिंचाई के लिये पानी के लिए ज्ञापन देगी। राजेश्वरी ने आम पब्लिक से इस जल क्रांति में आने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### श्मशान का रास्ता खुलाने की मांग



**टोंक, (निसं)।** ग्राम किशनपुरा, इस्लामपुरा, किशनपुरा झौपडा बैरवा, मीणान, गुर्जरान, बैरवा बस्ती नया गांव मारखेडा के कदीमी रास्ते व मुख्य सड़क से नदी श्मशान तक रास्ते की तरमीम कराकर शमशान का रास्ता खुलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ग्राम किशनपुरा, इस्लामपुरा, किशनपुरा झौपडा बैरवा, मीणान, गुर्जरान, बैरवा बस्ती नया गांव मारखेडा के ग्रामीण लड्डू, मुकेश, सीताराम, नरेश, नागनराम, रतन, राजेश, महेन्द्र सैनी, भंवरसिंह, गोपाल, राधाकिशन, सीताराम, सांवरा, महावीर आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि 13 जुलाई को रामकरण पुत्र मांगीलाल माली नया गांव की मृत्यु होने पर श्मशान तक जाने के लिए रास्ता अतिक्रमी द्वारा अवरुद्ध होने से पांच घंटे तक शव यात्रा व लकड़ियों के ट्रैक्टर व शव यात्रा में गए 300 लोग पांच घंटे तक खड़े रहने के बाद प्रशासन व पुलिस आने पर बनवारी उर्फ सीताराम व उसके परिवारजनों को पाबंद करने के बाद रास्ता खोला गया तब अन्तिम संस्कार हुआ। उसके बाद पुनः ग्रामीणजन श्मशाम भूमि पर गए तो रास्ता बंद मिला। जिसको आगे तक सरकारी भूमि 480/328 से पूर्व रास्ते से सरकारी भूमि तरमीम कराई जाए व अन्य खातेदारों से भी रास्ता लेकर बनवाया जाए।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पौधारोपण किया




**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम कल्याणपुरा नंदघर पर स्वयंसेवी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल एवं यश फाउंडेशन के सौजन्य से दिशा परियोजना के तहत बी आई जी सभा का आयोजन किया साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृक्षारोपण गया। इस वृक्षारोपण में राजेन्द्र पारीक, महेश फौजी, हुमाना के कार्यकर्ता नंद घर की कार्यकर्ता अनिता देवी, संतोष देवी ममता देवी व गांव की महिलाओं ने भाग लिया। हुमाना के कार्यकर्ता सुनीता देवी व मंगतूराम ने बताया कि आज के समय में महिलाओं का अपने पैरों पर खड़ा होना कितना आवश्यक है। जिस प्रकार एक महिला पढ़ लिख कर अपने पूरे परिवार को शिक्षित करती है। उसी प्रकार एक महिला अपने पैरों पर खड़े होकर कर अपने परिवार को ही सम्बलन प्रदान नहीं करती अपितु समाज और देश की उन्नित में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज वो समय आ गया है जब महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिला कर अपने पैरों पर खड़े होना ही पड़ेगा। जिससे वह अपने परिवार की जिम्मेदारी उठा सके और उसके लिए आवश्यक है कि सभी महिलाएं किसी ना किसी रोजगार से जुड़ कर अपने पैरों पर खड़ी हो कर स्वावलंबी बने। इस सभा को ओर वृक्षारोपण को सफल बनाने में समस्त प्रशिशु महिलाओं का ओर ग्रामवासियों सराहनीय योगदान रहा।

### रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों द्वारा कोटपुतली एडीएम जगदीश आर्य व पुलिस उपाधिक्षक संध्या यादव को ज्ञापन सौंप श्मशान के रास्ते को खुलवाने की मांग की है। लोगों ने मांग करते हुए बताया कि कुछ दबंगों द्वारा उक्त रास्ते में करीब 5 फीट गहरा 20 फीट गोलाकार गड्ढा खोद देने के कारण उक्त रास्ता बंद कर दिया गया है। जब मोहल्ले वासी उक्त गड्ढे को मिट्टी से भरने के लिए गए तो दबंगों ने सभी मोहल्लेवासियों से गाली गलौज करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी। जिसको लेकर अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों ने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंप उक्त प्रकरण में उचित कार्रवाई कर गरीब जनता को न्याय दिलवाने की मांग की। वही कोटपुतली एडीएम जगदीश आर्य ने पावटा उपखंड अधिकारी को उक्त मामले में कार्यवाही के निर्देश दिये। पावटा तहसीलदार ओम प्रकाश गुर्जर ने मौके पर जाकर मौका मुवायना कर कार्यवाही कर रास्ते को खुलवाने की बात कहीं।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान से प्रदेश की तस्वीर बदल रही हैः जूली

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार के ऐतिहासिक प्रशासन शहरों के संग अभियान से प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। इसी क्रम में पात्र वंचित रहे लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तृतीय चरण की शुरूआत बुध विहार स्थित सामुदायिक भवन से की गई है जहाँ शुक्रवार को 350 पट्टे वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित शिविर से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को अब एक बार फिर अभियान के माध्यम से अपने कार्य करवाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पारदर्शिता के साथ आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद् व नगर विकास न्यास के विभागीय अधिकारी जिला कलेक्टर के नेतृत्व में लगातार जुटे हुए हैं। मंत्री जूली ने इस दौरान विभागीय अधिकारियों को लोगों के लंबित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। शिविर में मंत्री जूली ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित भी किये। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सिंह सोनी, नगर परिषद् आयुक्त धर्मपाल जाट, नगर विकास न्यास सचिव डॉ. मंजू यादव, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जोगेन्द्र कोचर, पार्षद अजय मेठी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे

### अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करेंः सांसद बालक नाथ

**अलवर, (निसं)।** शुक्रवार को अलवर सांसद कार्यालय पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने जिले की विभिन्न विधानसभाओं से पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सांसद कार्यालय पर लंबे समय से नियमित रूप से माह में दो बार जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान हेतु हर संभव प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अलवर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न विधानसभाओं में भी नियमित रूप से वह स्वयं पहुंचकर सार्वजनिक ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम आयोजित करते हुए ग्रामीणों की समस्या सुनने व उनके समाधान हेतु प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की जनता के प्रति उदासीन और गैर जिम्मेदार रवैये के कारण सडक पानी बिजली सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य नहीं हो पा रहा है। जिले बढते अपराध के कारण एक तरफ उद्योग जगत जिले में बुरी तरह प्रभावित है।

### नगरपालिका ने पट्टे वितरित किये

**थानागाजी, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत शुक्रवार को नगरपालिका पालिका क्षेत्र के बिहारीसर में पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपखण्ड अधिकारी नवनीत सिंह, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अरुण शर्मा, एवं नगर पालिका अध्यक्ष चौथमल सैनी द्वारा ग्यारह पट्टे वितरित किए गए। नगर पालिका द्वारा आयोजित शिविर में नगरपालिका क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर उचित मार्गदर्शन दिया गया। नगरपालिका क्षेत्र में कृषि भूमि पर बसी हुई 13 कॉलोनी वासियों को पट्टा फोर्म वितरित किए गए। एवं नगर पालिका कार्मिकों द्वारा अधिक से अधिक पट्टे बनवाने एवं लोगों को पट्टे का लाभ दिलाने हेतु घर-घर संपर्क किया गया। शिविर में कनिष्ठ अभियंताभोलूराम सैनी, स्वास्थ्य निरीक्षक आशुतोष शर्मा, सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार , जगदीश प्रसाद सैनी, सीमा शर्मा, मीना योगी, गजेंद्र सैन, राकेश सैनी, उम्मेद सिंह मीणा, बस्ती राम मीणा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।